# कार्यालय जिलाधिकारी कासगंज।

पत्रांकः –           /IGRS/2025                                                    दिनांकः –      /      /2025

समस्त जनपद स्तरीय, तहसील स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण,
जनपद - कासगंज।

**विषयः माह जून 2025 में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आई.जी.आर.एस.) पर प्राप्त शिकायतों की दैनिक समीक्षा एवं निस्तारण के संबंध में।**

उपरोक्त विषयक निवेदन है कि शासन स्तर से संचालित **एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आई.जी.आर.एस.)** पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु सतत निगरानी अत्यंत आवश्यक है। मई 2025 में जनपद आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर **25वें स्थान** पर है, जो कि संतोषजनक स्थिति नहीं है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि समस्त अधिकारीगण अपने-अपने विभाग/कार्यालय से संबंधित प्राप्त शिकायतों की **दैनिक समीक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण** सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि निस्तारण **पूर्णतः तथ्यों पर आधारित, सुस्पष्ट एवं समयसीमा** के भीतर हो, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हो तथा उसे नकारात्मक फीडबैक देने अथवा पुनः शिकायत दर्ज कराने की आवश्यकता न पड़े।

आपसे अपेक्षा की जाती है कि प्रतिदिन एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आई.जी.आर.एस. पोर्टल) की समीक्षा करते हुए अद्यतन स्थिति की जानकारी रखें तथा त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी स्तर पर कोई फीडबैक अथवा शिकायत डिफॉल्टर न हो।

जिलाधिकारी
कासगंज।

प्रतिलिपिः (पत्रांक एवं दिनांक उपर्युक्त) निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. पुलिस अधीक्षक महोदया, कासगंज।
2. अपर जिलाधिकारी, कासगंज।
3. मुख्य विकास अधिकारी, कासगंज।

जिलाधिकारी
कासगंज।

यह दस्तावेज़ केवल तभी प्रामाणिक है जब QR कोड से यह सीधे https://educaan.com/ पर खुल रहा हो।